## एक नजर में

### जिले में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, वितरण सुचारू रूप से जारी

**आलीराजपुर ।** जिले में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारियों द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर स्टॉक का सत्यापन किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर नीतू माथुर ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पेनिक बाइंग (घबराहट में खरीदारी) से बचें। पेट्रोल पंप संचालकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वाहन चालकों को केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन उपलब्ध कराया जाए तथा अवैध रूप से बिक्री और भंडारण करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के तहत अनुविभागीय अधिकारी जोबट श्री वीरेंद्र बघेल उदयगढ़ पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। वहीं डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीपिका पाटीदार ने जोबट क्षेत्र के पेट्रोल पंपों का जायजा लिया। नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा ने सोरवा एवं चांदपुर स्थित पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर स्टॉक और व्यवस्थाओं की जांच की। इसी प्रकार जिले के सभी राजस्व अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर स्टॉक एवं वितरण व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया गया।

### इंदौर संभाग में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें - संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े

**झाबुआ ।** इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने आज सम्भाग के सभी कलेक्टर्स और पेट्रोल डीजल कंपनियों के वितरकों के साथ बैठक की। बैठक में कंपनियों के पास मौजूदा समय में उपलब्ध स्टॉक सहित नागरिकों द्वारा बनाये गए पैनिक की स्थिति के मद्देनजर जिलो में पेट्रोल डीजल के सप्लाई चेन को निर्बाध्य रूप से सतत पूरी करने के निर्देश दिए है। सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक हमेशा रहता है और बुधवार को भी पर्याप्त स्टॉक रहा। कंपनियों द्वारा भी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बंध में इंदौर सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने स्पष्ट किया है कि इंदौर एवं इंदौर संभाग में पेट्रोल-डीजल की किसी प्रकार की कमी नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पैनिक न हों। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि संभाग में वर्तमान में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा भविष्य की आवश्यकता के लिए भी पर्याप्त स्टॉक सुरक्षित है। ऑयल कंपनियों को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही बढ़ती मांग को देखते हुए सप्लाई चेन को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। संभागायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे वाहनों के अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भण्डारण न करें, क्योंकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों की तरह ईंधन की उपलब्धता निरंतर बनी हुई है। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर निगरानी रखे हुए है तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। वितरक कंपनियों द्वारा जिला प्रशासन के साथ स्टॉक की उपलब्धता शेयर करेगा बैठक में सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि जिलो में भी जिला प्रशासन के साथ स्टॉक की उपलब्धता के सम्बंध में डेटा शेयर करेंगे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पम्पों पर स्टॉक उपलब्ध कराया जाए। आगे भी इस व्यवस्था को बनायें तथा सभी पेट्रोल पम्पों पर अनाउंस सिस्टम पर उपभोक्ताओं को संबोधित करें। इसके अलावा वितरक कंपनियां ब्लैक मार्केटिंग करने वाले डीलर पर तत्काल कार्यवाही करें। बैठक में जिले से कलेक्टर नेहा मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्रसिंह चौहान उपस्थित रहे।

### महाकालिका एवं महादुर्गा का मां कात्यायनी एवं मां कालरात्रि के रूप में हुआ श्रृंगार, अष्टमी पर आज होगा हवन का आयोजन

**झाबुआ ।** चैत्र नवरात्रि में भक्तजन मां आद्य शक्ति की भक्ति-आराधना में पूर्णतः लीन है। श्रद्धालुओं द्वारा व्रत एवं उपवास रखकर माता की पूजा अर्चना, भक्ति-आराधना एवं जाप, अनुष्ठान आदि किए जा रहे है। शहर के माताजी मंदिरों में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान जारी है। शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के छठवें दिन महाकालिका, मां अन्नपूर्णा एवं मां चामुंडा का मंदिर के पूजारी कांतिलाल नानावटी द्वारा मां कात्यायनी एवं सातवें दिन माताजी का मां कालरात्रि के रूप में श्रृंगार कर चोला अर्पण किया गया। इसी प्रकार कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री अंबे माता मंदिर में महादुर्गा एवं



मां चामुंडा का मंदिर के सेवक विजय शर्मा ने सुंदर श्रृंगार कर मां को चोला अर्पण किया। 26 मार्च, गुरुवार शाम दोनों मंदिरों में अष्टमी पर हवन का आयोजन होगा।

27 मार्च, शुक्रवार को रामनवमी पर श्रीराम मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाते हुए महाप्रसादी एवं प्रसादी, सुंदरकांड, भजन-कीर्तन जैसे अनेक आयोजन किए जाएंगे। दिनभर श्रीराम मंदिरों में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए भीड़ रहेगी। 28 मार्च, शनिवार को दशमी पर महाकालिका माता मंदिर परिसर में श्री सद्गुरु रामायण मंडल द्वारा चल रहे 21वें अखंड श्री रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति होगी। पूर्णाहुति पर श्रीराम दरबार की विशेष आरती और सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। जिसके बाद मंदिर परिसर में कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन रखा गया है।

### कलेक्टर ने दिखाई प्रचार वाहन को हरी झंडी

**आलीराजपुर .** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 100 दिवसीय 'टीबी मुक्त



भारत अभियान' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर नीतू माथुर के मार्गदर्शन में प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर की गई। इस दौरान कलेक्टर माथुर ने अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने टीबी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच व उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर माथुर द्वारा 5 टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए साथ ही निर्देश दिए गए कि जिले के सभी टीबी मरीजों को शत-प्रतिशत उपचार एवं पोषण सहायता उपलब्ध कराई जाए। शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर, जिला क्षय अधिकारी सहित समस्त टीबी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले भर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह के चलते पंपों पर लगी भारी भीड़

## वाहन चालकों में मची आपाधापी, प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने जिले में पर्याप्त ईंधन होने की सूचना की जारी

- वाहन चालकों में मची आपाधापी, शासन-प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने जिले में पर्याप्त ईंधन होने की सूचना की जारी



**झाबुआ ।** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के मध्य भारत देश में ईंधन अर्थात पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडरों के आयात में कमी का असर देश के अनेक स्थानों पर देखने को मिल रहा है। इसी बीच देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में लोकसभा संसद में देश में ईंधन की उपलब्धता पर देशवासियों को संबोधित भी किया है। शासन-प्रशासन ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है। इसी बीच पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडरों की कमी होने की अफवाहों का दौर भी सतत् चल रहा है। जिसको लेकर लोगों में पशोपेश है। इसी दौरान 24 मार्च, मंगलवार देर शाम जिले में पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह फैलने पर पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। पेट्रोल पंपों पर छोटे एवं बड़े वाहनों के चालकों द्वारा पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए लंबी लाइनों में लगने के साथ कुछ घंटों के लिए पेट्रोल पंपों पर आपाधापी और अफरा-तफरी का माहौल भी निर्मित हो गया। सैकड़ों वाहनों की अचानक से पंपों पर भीड़ लगने से पंप मालिकों को रात्रि में पेट्रोल-डीजल का सप्लाय बंद करना पड़ा। जिससे बाजार में यह भी अफवाह फैल गई कि जिले के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल का स्टॉक खत्म हो गया है। दूसरी ओर सोशल मीडिया के माध्यम से भी यह अफवाह फैलने से वाहन चालक सकते में आ गए। इसी बीच पेट्रोल पंपों के संचालकों ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। वहीं शासन-प्रशासन की ओर से भी अपील जारी करते हुए कहा गया कि लोग अफवाहों से बचे। जिले सहित पूरे प्रदेश में गैस सिलेंडरों के साथ पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए पेट्रोल पंपों पर भीड़ ना लगाएं और शांतिपूर्वक पेट्रोल-डीजल भरवाएं। *शहर के पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारे - * जिला मुख्यालय पर शहर के विजय स्तंभ तिराहे के समीप छाबड़ा पेट्रोल पंप, मेघनगर नाका पर नेशनल पेट्रोल पंप, डीआरपी लाइन तिराहे पर पुलिस विभाग के पेट्रोल पंप, किशुनपुरी में नयरा कंपनी के पेट्रोल पंप, ग्राम गढ़वाड़ा में वरुण पेट्रोल पंप, ग्राम मिंडल में वसुनिया पेट्रोल पंप, नेशनल हाईवे पर करड़ावद बड़ी स्थित पेट्रोल पंप, रानापुर तिराहे पर भंडारी पेट्रोल पंप आदि पेट्रोल पंपों पर 24 मार्च, मंगलवार देर शाम से रात तक छोटे एवं बड़े वाहनों के चालकों की अत्यधिक भीड़ के साथ पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए चालकों में आपाधापी मची रहीं।

### गैस सिलेंडरों की किल्लत की भी चल रहीं अफवाहें -

दूसरी और पिछले कुछ दिनों से जिला थोक उपभोक्ता भंडार सहित जिले की समस्त गैस एजेंसियों पर भी उपभोक्ताओं द्वारा गैस टंकियों की बुकिंग अत्यधिक मात्रा में करवाए जाने एवं बिलिंग काउंटर पर भी अत्यधिक भीड़ के चलते जिला थोक उपभोक्ता भंडार और गैस एजेंसी संचालकों द्वारा ग्राहकों की अधिक भीड़ के कारण सुचारू रूप से गैस वितरण कार्य में देरी हो रहीं है एवं घर पहुंच सेवा में भी लेटलतीफी हो रहीं है। जिसे उपभोक्ता गैस सिलेंडरों की किल्लत के रूप में लेते हुए ग्राहकों में इसको लेकर खासी नाराजगी देखने को मिल रहीं है।



# नगर विकास को लेकर कलमकारों ने सीएमओ से की मुलाकात

**राणापुर ::** नगर के अतिक्रमण, सब्जी मंडी, मुक्तिधाम, राणा सागर ओर बस स्टेंड से कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क तथा पूर्व सीएमओ द्वारा दबाई गई फाइल को लेकर कलमकार अध्यक्ष ओर मुख्य नगर परिषद अधिकारी से मुखातिब हुए।

प्रारंभ में पत्रकार संजय अग्रवाल, मनोहर सोनी, कमलेश नाहर, पंकज जागेटिया, ललित सालेचा, पंकज गोस्वामी, तेजा गाहरी, हर्षवर्धन ठाकुर, अनिल जैन अन्नू ने राणापुर की उक्त समस्या को लेकर चर्चा की।सुरेश समीर ने मुक्तिधाम में फैली अव्यवस्थाओं के साथ बिजली, पानी ओर सफाई की व्यवस्थाओं का समाधान करने का आवेदन देते हुए कहा कि यदि अप्रैल माह के अंत तक मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो धरना दिया जाएगा।

पत्रकारों ने बस स्टेंड की दुकान की फाइल का पता नहीं लगने पर संबंधित पर एफ आई आर करने का जिक्र किया। कब्रस्तान भूमि का सीमांकन करने, ओर कितनी जगह बने गतिरोधों को मानक बनाने की ओर इंगित किया।

# जिला कांग्रेस द्वारा पदाधिकारियों का स्वागत कर सम्मान किया

- जिला किसान कांग्रेस विभाग जिला अध्यक्ष अकमल मालू डामोर जिला कांग्रेस संगठन मंत्री शंकर सिंह भूरिया का किया सम्मान



**झाबुआ.** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हाल ही में जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित की गई आज स्थानीय विधायक कार्यालय में बैठक आयोजित हुई जिसमें नवनियुक्त जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष पद पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अकमल मालू डामोर व जिला कांग्रेस संगठन मंत्री के पद पर पूर्व जनपद अध्यक्ष शंकर सिंह भूरिया कौ नियुक्त गया गया ईस अवसर पर पूर्व केंद्रीय कांतिलाल भूरिया आदिवासी राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ विक्रांत भूरिया प्रदेश कांग्रेस महासचिव निर्मल मेहता जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनल भाबर सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने पुष्प हारो से स्वागत कर उनका सम्मान किया गया दोनों पदाधिकारीयो ने अपने दायित्व का निर्वहन करने का संकल्प लिया पूरे जिले का दौरा कर किसान कांग्रेस की कार्यकारिणी व संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जुट जाने को लेकर कांग्रेस पदाधिकारीयो को आश्वत किया

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने पदाधिकारी को एक जुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जुट जाने पर जोर दिया वही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में आकर किसानों के अहित में जो डील की है उस नीति से आज किसान परेशान होने पर आमादा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से आज देश की जनता पेट्रोल डीजल गैस की किल्लत से जूझ रही है .

बैठक में प्रदेश कांग्रेस महासचिव निर्मल मेहता ने पदाधिकारी को उनके दायित्व का कैसे निर्वाहन किया जाए पार्टी कैसे मजबूत हो मैदानी कार्यकर्ताओं को जवाबदारी देने उन्हें कैसे सक्रिय करना है उसको लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया

बैठक में प्रदेश कांग्रेस सचिव हेमचंद डामोर जसवंत भाबर साबिर फिटवेल रूप सिंह डामोर मानसिंह मेडा बबलू कटारा श्रीमती ललिता मुनिया हर्ष जैन आईटी सेल अध्यक्ष वसीम सैयद लोकेंद्र बिलावल जीवन सिंह ठाकुर मन्नालाल हामड मुकेश मुनिया यामीन शेख नर्वेश अमलियार किलू भूरिया खुना गुड़िया गुलसिंग अमलियार विजय बारिया गुफरान कुरैशी आयुष ओहरी प्रेमसिंह अनिल डामोर रोहित हटीला पुनीत भानपुरिया सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी ने दोनों पदाधिकारी का स्वागत कर सम्मान किया बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने किया वही आभार प्रकट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यामीन शेख ने व्यक्त किया

# हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा

- निकलेगी भव्य शोभायात्रा
- राजवाड़ा स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में होंगे विविध धार्मिक आयोजन,
- अखंड रामायण पाठ व विशाल भंडारे की भी रहेगी व्यवस्था



**आलीराजपुर ।** आगामी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के राजवाड़ा स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में इस वर्ष भी उत्सव को भव्य एवं भक्तिमय स्वरूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सिद्धेश्वर हनुमान भक्त मंडल के तत्वावधान में मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

मीडिया प्रभारी कांतिलाल राठौड़ ने बताया कि दिनांक 2 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को प्रातः 5:55 बजे भगवान हनुमान जी की जन्म आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके पश्चात प्रातः 8 बजे नित्य आरती एवं दोपहर 12 माध्य आरती के बाद से 2 बजे तक महिला मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।सायं 5:00 बजे भव्य शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर हाटगली, श्री रणछोड़राय मंदिर, पंचमुखी मंदिर, बस स्टैंड, नीम चौक, पोस्ट ऑफिस चौराहा से झंडा चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में ढोल-ढमाकों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन समिति द्वारा पुरुषों से सफेद कुर्ता-पायजामा एवं महिलाओं से केसरिया परिधान में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

साथ ही 1008 सामूहिक हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ भी किया जाएगा, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण निर्मित होगा।

### हनुमान भक्त मंडल की ओर से भंडारे का आयोजन होगा

शोभायात्रा के पश्चात मंदिर में महाआरती होगी तथा तत्पश्चात सिद्धेश्वर हनुमान भक्त मंडल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक फूल बंगले से सजाया जाएगा, जिसकी व्यवस्था साईं भक्त मंडल द्वारा की जाएगी, वहीं रथ व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रकाश चौधरी को सौंपी गई है।इसके पूर्व दिनांक 31 मार्च एवं 1 अप्रैल 2026 को मंदिर में अखंड रामायण पाठ आयोजित किया जाएगा।



# युवा संगम मेले में 23 युवाओं को मिले ऑफर लेटर

**आलीराजपुर ।** जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, आलीराजपुर में बुधवार को एक दिवसीय 'युवा संगम मेला' का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की तीन कंपनियों ने भाग लिया, साथ ही भारतीय सेना की 'अग्निवीर' योजना के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु सूबेदार मेजर घनश्याम सिंह नेगी (एमएच, इंदौर) उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं का पंजीयन कर भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

**चैत्र नवरात्रि** - 500 साल पुराना है मां भद्रकाली माताजी मंदिर, भक्तों को सुबह से शाम तक 3 रूपों में होते है दर्शन ..

# यह है चमत्कारी मां भद्रकाली का मंदिर, दिन में तीन बार बदलती है स्वरूप

- मातारानी की होगी विशेष आराधना, दूर दूर से पैदल दर्शन के लिए पहुंचते है प्रतिदिन श्रद्धालु



**पेटलावद .** इस बार चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 19 मार्च हुई। नवरात्र के पहले दिन नवसंत्सर यानिकी सनातन धर्मालंबियों का नया वर्ष शुरु होता है।

सनातन धर्म में देवी का वास मुख्य रूप से पहाड़ों पर माना गया है, तभी तो पहाड़ों वाली माता का नाम भी उन्हें दिया गया है। मां अर्थात शक्ति का स्वरूप, जो अपने अलग-अलग रूपों में प्रकट होकर भक्तों के दुख दूर करती है, फिर चाहे वह त्रिकुट पर्वत पर विराजित मां वैष्णवी हो, पावागढ़ वाली माता हो या फिर झाबुआ जिले के पेटलावद तहसील के ग्राम रायपुरिया में पेटलावद मार्ग पर भद्रकाली माताजी हो।।

**पैदल जाते हैं दर्शनार्थी**-चैत्र नवरात्र पर्व में यहां भक्तों के श्रद्धा का केन्द्र बना रहता है।नवरात्रि में हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन सुबह-शाम के समय पैदल दर्शन करने जाते हैं।।नवरात्रि में रोजाना माताजी का विशेष श्रृंगार व पूजा अर्चना होती है।कई भक्त तो दूरदराज से पैदल ही माताजी के मंदिर दर्शन हेतु आते है।उंची घाटी पर स्थित इस मंदिर के ठीक नीचे कलकल बहती हुई पंपावती नदी का सौंदर्य देखते ही बनता है। चाहे चेत्र नवरात्रि हो या शारदीय नवरात्रि हो, इस मंदिर पर विषेष पूजा-अर्चना का दौर चलता रहता हैं।

**रियासतकालीन है मंदिर-**

नगर के वरिष्ठ नागरिक और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोहरलाल भटेवरा बताते है की यह मंदिर करीब पांच सौ साल पुराना है, तब से आज तक केवल दो बार ही मंदिर का जीर्णोद्वार हुआ है। पहली बार 1672 ई. में भटेवरा समाज के द्वारा जो की राजस्थान से आए थे एवं दूसरी बार नगर के राजपरिवार द्वारा इसका जीर्णोद्वार हुआ है। इस मंदिर के पीछे भी एक कहानी प्रचलित है, कहते है की पंपापुर सरोवर के किनारे भीम की पत्नि हड़प्पा ने नरबली रोकने के लिए माताजी को यहां प्रसन्न किया था, क्योकि घटोत्कच्छ भीम की बली चढ़ाना चाहता था। समीप बहने वाली नदी का नाम भी इसीलिए पंपावती पड़ा है। मंदिर के पुजारी बताते है की भद्रकाली ओर चामुंडा माता की प्रतिमा दिन में तीन बार रूप बदलती हैं। प्रातः से 12 बजे तक मां बाल अवस्था, दोपहर को युवा ओर शाम 6 से सर्योदय तक वृद्ध रूप के रूप का धारण कर दर्शन देती हैं।

पंडित नरेंद्र नंदन दवे ने बताया कि शास्त्रों में चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व बताया गया है। यह त्योहार वसंत ऋतु में आता है और मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को समर्पित होता है। नवरात्र का अर्थ है- नौ रातें, जिसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की आराधना होती है। कहते हैं कि इन पावन दिनों में देवी की उपासना से मनोवांछित फल की प्राप्ति हो जाती है। इस दौरान मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है। नवरात्रि के दिन मां शक्ति की उपासना के लिए बेहद खास होते हैं।